राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 14 अगस्त। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल सोमवार, 15 अगस्त, 2022 को प्रातः 7.30 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर राष्ट्रीय ध्वज फरहराया जाएगा।

इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, पार्टी के विधायकगण, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण तथा विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कल सोमवार, 15 अगस्त, 2022 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहीद स्मारक, गर्वमेंट हॉस्टल, जयपुर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में सभा आयोजित की जायेगी। सभा में राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter